लखनऊ में खुला उत्तर प्रदेश का पहला ट्रांसजेंडर सेल

चर्चा में क्यों?

23 जून, 2022 को पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोमेन वर्मा ने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के कैसरबाग कोतवाली में प्रदेश के पहले ट्रांसजेंडर सेल (पुलिस सहायता केंद्र) का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोमेन वर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों में ऐसे हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिये गए हैं। इसी कड़ी में लखनऊ कमिश्नरेट में पहला ट्रांसजेंडर डेस्क बनाया गया है।
- इस सेल का मकसद ट्रांसजेंडरों की शिकायतों की सुनवाई करने के साथ ही शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निस्तारण करना भी है।
- इस सेल के शुरू होने से अब ट्रांसजेंडर और महिलाओं को पुलिस के पास जाने पर संकोच नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि इस सेल में सिर्फ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।
- इनकी सुरक्षा के लिये हर थाने में एक सुरक्षा सेल भी बनाया जाएगा। जहाँ पर ट्रांसजेंडरों की शिकायतों का जल्द-से-जल्द निस्तारण किया जाएगा।
- अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि यह एक डेडीकेटेड कक्ष है, जहाँ पर ट्रांसजेंडर और महिलाओं की समस्याओं को गरिमापूर्वक उनके सम्मान के साथ सुना जाएगा। इसके साथ ही शिकायतकर्त्ता की समस्या का निस्तारण होने के बाद उससे इसका फीडबैक भी लिया जाएगा, जिससे इस सेल के कार्यों में सुधार किया जा सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-transgender-cell-of-uttar-pradesh